वानिकी कॉलेज एवं अनुसंधान संस्थान मेट्टुपालयम (तमिलनाडु) के वानिकी स्नातक के छात्रों के शैक्षणिक भ्रमण की रिपोर्ट

Report on the Educational Tour of BSc. Forestry students from Forest College and Research Institute, Mettupalayam (Tamilnadu)

वन महाविद्यालय एवं अनुसंधान संस्थान, मेट्टुपालयम, तमिलनाडु के 62 वानिकी स्नातक (ऑनर्स) चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने दो संकाय सदस्यों के साथ 29.04.2025 , शिमला का दौरा किया। डॉ॰ जोगिंदर चौहान ने आगंतुकों का स्वागत किया। श्रीमती सविता बन्याल, मुख्य तकनीकी अधिकारी ने संस्थान के अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों के बारे में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से व्याख्यान दिया। उन्होंने मुख्य रूप से जुनिपर पॉलीकार्पोस, चिलगोजा पाइन, कीट प्रबंधन, जैव-उर्वरक, जैव-कीटनाशक की बीज प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित किया। डॉ. संदीप शर्मा, निदेशक ने भारतीय वानिकी अनुसंधान शिक्षा परिषद के बारे में भी संक्षेप में जानकारी दी। डॉ. वनीत जिशतु प्रभाग प्रमुख, विस्तार ने उत्तर पश्चिमी हिमालय की जैव विविधता मुख्यत औषधीय ओपौधों के बारे मे जानकारी दी। छात्रों को प्रदर्शित प्रौद्योगिकियों और उत्पादों से परिचित कराने के लिए प्रौद्योगिकी प्रदर्शन केंद्र भी ले जाया गया, जहां डॉ॰ चौहान ने प्रदर्शित विकसित तकनीकों और उत्पादों के बारे में जानकारी दी।